in these 11-1/2 years, by the commencement of the next century, really the poverty of this country will be removed, the tears from the eyes of the poor people will be wiped out and what Gandhiji contemplated would become successful. But it iequires a proper appreciation of and a proper approach to the President's Address, to the efforts of the Government, to the thrust that the leadership of the Congress Party has created. With a prejudiced mind we cannot judge it. We must have a proper perspective. *(Time bell rings)*

Madam, since you are not giving me time, 1 cannot dwell on the other very important points. I have many arguments to advance but I conclude with these words.

THE DEPUTY CHAIRMAN Now the House stands adjourned for lunch and will meet at 2. 30 P. M.

The House then adjourned for lunch at thirty minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-four minutes past two of the clock, The Vice-Chairman (Shri Jagesh Desai) in the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Now, Mr. J. S. Aurora.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir, with due deference to the President for whom I have the greatest respect, I must say that the Address presented by him has been singularly uninspiring. It is full of good intentions and platitudes. But the record of performance as shown in the Address is distressingly diappointing. Our vision as contained in paragraph 3 of the Address sounds impressive. But to date actions believe the pious hopes. The Gov-ernment is neither sincere nor capable of fulfilling these hopes. During the last year the Government has done little to crow over but much to answer for. The nation today is more divided than ever before. Fissiparous tendencies have in-creased. The situation in Punjab baa gone

[Shri Jagjit Singh Aurora] from bad to worse. The Presidnet's rule has been a disaster. Bereft of poli tical savy the Government has single-mindedly continued to use oppres sive measures and terror to control the law and order situation. It has only achieved greater bitterness and alienation. Killings have increased and the people of Punjab have lost the confidence in the Government's ability to rule justly or effectively or fulfil the promises made. The hon. Members from the treasury benches have always tried to find scape-goals for the Government's mishandling and incompetence, for their inability to handle vital situations effectively. This convinces nobody.

The Ram Janam Bhoomi and Masjid Babri controversy remains unresolved. It is a festering wound which can burst at any time. The GNLF holds the hilly areas of West Bengal to ransom, and most of the small States in the east are distrurbed and unsettled to a varying degree. There appears to be little realisation that the internal weakness is a far greater threat to the security of the country than any threat from outside; *viz,* rearming of Pakistan by the USA or the entry of foreign powers' navies into the Indian Ocean. Internal strength and solidarity is the greatest safeguard against any external threat. Sophisticated, modern weapons though important, cannot ensure secmity for a house divided. The National Integration Council has remained dormant and ineffective, as the Gov-ernment has not taken much trouble to revive it.

In spite of several schemes for eradicating poverty and controlling the burgeoning population, improving efficiency in agriculture and industry, the results achieved are not commonsurate with the resources employed. Nearly 40 per cent of the people continue to remain below the poverty line. Because of the unbridled increase in population, the actual prices are on the increase.

Policies for modernisation of industry have been inconsistent and slipshod. Public sector undertakings are a milestone around the country's neck, instead j of having reached the commanding heights of the industry as claimed. We are a poor country. Ours is a high cost economy, which makes as uncompetitive in the in- ternational market. In practical terms, very little has been done to improve this situation.

We talk about moral and spiritual values, whereas corruption has reached the commanding heights in all Government agencies. No wonder we are unable to control the mafias in coal-belts and smuggling across our borders both by land and sea. The unholy nexus between criminals and politicians has en-abled several criminals to enter our legislatures, thereby lowering the prestige and performance of the elected -bodies. As regards social justice the lack of it has been fully exposed by the Government's refusal to punish the guilty of the heinous crimes during the November 1984 carnage in Delhi and elsewhere in India. More recently, killing in and around Meerut give us another example whilst hundreds of innocent people are rotting in jails without trial. This is a shameful blot on the fair name of our country.

It makes me laugh when the Government claims to have built strong institutions to gurantee, the democratic rights of our citizens. To mention just a few. The Chief Ministers of the Congress-ruled States are not elected by the legislators as it should be, but are imposed by the Prime Minister or the President of the Congress Party from the Centre. Hence, there are frequent changes to satisfy pressure groups and the inability of the Chief Miniisters to control the legislators. This effects his administrative efficiency directly and inevitably.

The next is the office of the Governor which has become a dumping ground for the failed, ineffective and inefficient Congress leadrs. Worst still, it is being misused to create difficulties for the non-Congress ruled States. To top it all, what happened in the Rajya Sabha a few days ago when the Vice-President himself was placed in an unenviable position shows

little regard or respect for the esta blished institution To my mind, even the institution of the Cabinet has been made ineffective during the last three years. With frequent chan ges in people and portfolios, decided arbitrarily, how can a balanced and well-integrated team be built up? No wonder it has resulted in the lack of cohe rent and rational policy-making which in turn, adversely afreets the economic progress and security of the country.

This all-embfacins Address is quiet on one subject of great importanct, *i. e.* how does the Government propose to streamline the Administration and make it more efficient, result-oriented, cost effective and less corrupt? Without improvement in these fields, any number of planning cells task forces and commissions are not going to achieve worthwhile results.

Finally, Sir, a morally and politically Goveinment which is past redemption, cannot lead this country towards economic prosDerity and national integration and well being

Thank you

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी ने अभी कुछ दिन पूर्व संसद के संयुक्त अधिवेशन में जो अभिभाषण दिया है वह वर्तमान सरकार की जो नीतियां हैं और जो कार्यक्रम हैं उनके संबंध में हैं । लेकिन जैसा कि इस तरफ के अनेक वक्ताओं ने कहा है राष्ट्रपति जी का अभिभाषण बिल्कुल नीरस था । उस में इस देश की जनता से न कुछ वायदे किए गए हैं, न आश्वासन दिया गया है और न उन बातों की ओर ध्यान दिलाया गया है जिनके लिए पहले जो लोक सभा के 1984 में चुनाव हुए और उसके बाद 1985 में जब वर्तमान लोक सभा गठित हुई और जो संयुक्त अधिवेशन हुआ उसमें जो वायदे किए गए थे ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात चुनाव सुधार से शुरू करूंगा । 17 जनवरी, 1985 को राष्ट्रपति जी ने संयुक्त अधिवेशन में अपना अभिभाषण दिया था, उसमें इस बात का वायदा किया गया था कि व्यापक रूप से चुनाव सुधार किए जाएंगे । उसके बाद 1986 में इस वादे को भूल जाने का काम किया । 1987 में थोड़ी चर्चा की गयी । इस संयुक्त अधिवेशन में जो अभिभाषण हुआ उसमें चुनाव सुधार के सिलसिले में कोई चर्चा नहीं की गयी । इस देश में जो चुनाव प्रणाली है उसके संबंध में सभी पक्षों की राय है कि चुनाव कानून में व्यापक संशोधन होना चाहिए । इसलिए सरकार के आदेश पर चुनाव आयोग ने इस देश के प्रबुद्ध लोगों से और जितने भी राजनीतिक दल हैं चाहे राष्ट्रीय स्तर के हैं, प्रादेशिक स्तर के हैं या क्षेत्रीय स्तर के हैं उनसे बराबर इस सिलसिले में सुझाव मांगे । काफी राजनीतिक दलों ने सुझाव दिये भी लेकिन आज तक इस सिलसिले में सरकार की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी । इसका मतलब यह है कि सरकार नहीं चाहती कि जो वर्तमान चुनाव व्यवस्था है, जो चुनाव प्रणाली है उसमें कोई परिवर्तन हो । क्योंकि आज चुनाव पर कालाधन हावी है, चुनाव पर बल हावी है और जिन लोगों के पास कालाधन है वे राजनीतिज्ञों को खरीदते रहते हैं । वे राजनीतिक दलों को खरीद रहें हैं । इसीलिए इस बात की आवश्यकता है कि चुनाव कानून में व्यापक संशोधन होना चाहिए । लेकिन इस बात की चर्चा राष्ट्रपति के अभिभाषण में नहीं है । यह इस बात को सिद्ध करता है कि सरकार का इरादा चुनाव कानून में संशोधन करने का तनिक नहीं है । वर्तमान अभिभाषण में राष्ट्रपति जी ने सरकारिया आयोग की चर्चा की है और उसमें उन्होंने यह कहा है कि सरकारिया आयोग की रिपोर्ट आ गयी है । यह रिपोर्ट केन्द्र तथा राज्यों के संबंधों के सिलसिले में है और इस पर राज्यों की राय लेने के बाद सरकार इस पर विचार करेगी । सन 1983 ने केन्द्र और राज्यों के संबंध में सरकारिया आयोग की नियुक्ति हुई थी और करीब करीब चार साल तक सरकारिया आयोग ने मेहनत करके लोगों के बयान ले करके लोगों की राय लेकर के सरकार के पास अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की । सरकारिया आयोग के केवल एक पक्ष की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । यह है राज्य-

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

पालों की नियुक्ति के संबंध में । रिपोर्ट सरकार के पास आ गयी है वह सरकार के पास विचाराधीन है । राष्ट्रपति जी ने स्वयं कहा है कि सरकार इस सिलसिले में राज्यों की राय लेगी । लेकिन मेरी समझ में यह बात नहीं आयी कि सरकारिया आयोग की रिपोर्ट सरकार के पास आ गयी, लोखों लाख रुपये इस पर खर्च हुए होंगे लेकिन उसका उल्लंघन किया गया । उसको दरकिनार करके राज्यपालों की नियुक्ति की गयी । राज्यपालों के पद वाद विवाद के बन चुके थे तो सन् 1959 में पहली बार जब केरल में उस वक्त केरल को त्रावनकोर कोचीन कहा जाता था शायद विधिवत निर्वाचित सरकार थी उसके मुख्य मंत्री को बर्खास्त किया गया और तब से राज्यपाल के पद पर बराबर यह आरोप लगाया जाता रहा कि राज्यपाल केन्द्र के इशारे पर काम करता है । केन्द्र सरकार के एजेंट के तौर पर काम करता है । इन सारी चीजों के बारे में सरकारिया आयोग ने अपनी संस्तुति दी । यह भी उन्होंने कहा कि राज्यपाल के पद पर ऐसा आदमी नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए जो सक्रिय रूप से राजनीति में हो । दूसरी संस्तुति यह कि अगर किसी प्रदेश में विरोधी पार्टी की सरकार है तो वहां पर ऐसे व्यक्ति को नहीं भेजना चाहिए जो किसी दूसरी पार्टी में सक्रिय राजनीति में हिस्सा लेता रहा हो । जवाहर लाल नेहरू ने कंस्टीट्यूंट असेम्बली में जब राज्यपाल के पद पर विचार विमर्श हो रहा था उस वक्त यह कहा था :

The Governor must be acceptable to the Government of the Province.

इसी तरह से जो एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म कमेटी थी उसने इस सिलसिले में अपनी राय दी । लेकिन अभी हाल ही में तीन या चार राज्यपालों की नियुक्ति की गयी । एक राज्यपाल तो महिला हैं जो इसी केन्द्र ने मंत्रिपरिषद की सदस्या थीं । दूसरे एक ऐसे राज्यपाल हैं जो सक्रिय रूप से राजनीति में थे और सरकारिया आयोग ने यह भी कहा केन्द्र और राज्यों के संबंध अच्छी तरह से चलते रहें उनके संबंधों में सुधार हो, रिश्ते अच्छे हों इसलिए जो प्रदेश के मुख्य मंत्री हैं उनसे भी राय लेनी चाहिए । लेकिन हरियाणा के मुख्य मंत्री ने कहा कि मुझ से पूछा नहीं गया मेरी राय ली नहीं गयी : कर्नाटक के मुख्य मंत्री ने भी यही कहा कि मुझ से पूछा नहीं गया मुझ से राय नहीं ली गयी । सरकारिया आयोग ने स्पष्ट अपनी संस्तुति दे रखी है, तो मेरी समझ में नहीं आता कि उनको क्यों नहीं लागू किया जा रहा है । उसकी जो संस्तुतियां हैं उनको तब तक लागू नहीं किया जा सकता जब तक केन्द्रीय सरकार अपने निर्णय नहीं ले लेती । उस आयोग ने स्वयं काम किया और इतनी मेहनत के बाद जब आयोग ने अपनी संस्तुतियां दी तो उनका उल्लंघन करने का मतलब यह हुआ कि केन्द्र सरकार की मंशा यह नहीं है कि केन्द्र और राज्यों के संबंध अच्छे हों । केन्द्रीय सरकार यह समझती है कि वह सत्ता में बैठी हुई है इसलिए विपक्ष के मुख्य मंत्री यदि उनके सलाह से या उनकी राय के मुताबिक काम नहीं करते हैं तो ऐसी सरकारों को काम नहीं करने देंगे और राज्यपालों के जरिए इस प्रकार की सरकारों में परिवर्तन लाने और उनको गिराने का काम किया गया है ।

श्रीमन्, त्रिपुरा में चुनाव हो रहे थे । चुनाव के ठीक तीन दिन पहले त्रिपुरा को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया गया और वहां पर तीन दिन के लिए भी इंतजार नहीं किया गया । वहां के तत्कालीन मुख्य मंत्री का कहना है कि मुझसे पूछा भी नहीं गया, बिना मुझसे पूछे ही सारे राज्य को अशांत घोषित कर दिया गया है । वहां पर मिलिटरी और पैरा मिलिटरी फोर्सेज भेज दी गई । इसका मतलब यह है कि जितनी भी लोकतांत्रिक परंपराएं हैं, जो भी लोकतांत्रिक मूल्य हैं सरकार उनको मानना नहीं चाहती है वरन् उनको गिराना चाहती है ।

मान्यवर, विधानमंडलों की बात लीजिए । अभी जनरल साहब जिक्र कर रहे थे कि जितने भी मुख्य मंत्री हैं, कम से कम सत्ता पार्टी के मुख्य मंत्री जो हैं, उनके नामांकन के सिलसिले में भी कोई लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन नहीं होता है ।

अभी राजस्थान के मुख्य मंत्री का बदलाव हुआ । सत्ताधारी पार्टी का मुख्य मंत्री होता है दूसरा, वह जनता के प्रतिनिधियों द्वारा चुनकर विधान सभा में भेजे जाते हैं। जनता उनको अपना वोट देती है। हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली इसीलिए है कि जनता के प्रतिनिधि विधान सभा में जिस पार्टी का बहुमत हो, उसके नेता को मुख्य मंत्री बनाती है। लेकिन वहां जनता के प्रतिनिधियों की राय नहीं ली गई। राजस्थान विधान मंडल की बैठक नहीं बुलाई गई। मध्य प्रदेश के विधान मंडल की बैठक नहीं बुलाई गई। कुछ विधायकों ने कहा कि उन्हें तो इस बात की जानकारी तक नहीं थी। अगर किसी विधान सभा में डेढ़ सौ सदस्य थे तो वहां 40 भी सदस्य नहीं पहुंचे। इसका मतलब यह है कि हमारे यहां जो विधान की प्रक्रिया है, जो संवैधानिक प्रक्रिया है, उसके प्रति सरकार के मन में कोई आदर नहीं है।

श्रीमन्, न्यायपालिका की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए मैं आपको बताना चाहता हूं कि सर्वोच्च न्यायालय में करीब करीब 9 जजों के पद दो साल से खाली हैं। लोग सर्वोच्च न्यायालय में जाते हैं अपनी याचिका लेकर और अपने मुकदमे या अपील पर फैसले की प्रतीक्षा करते हैं। उनका ही फैसला करने में काफी विलंब होता है। तो इन 9 जजों की नियुक्ति कौन करेगा ? यह तो जनता नहीं करेगी। वह तो राज्य सभा या लोक सभा नहीं करेगी। इनकी नियुक्ति तो सरकार को ही करनी होगी। यह काम तो प्रधान मंत्री का, गृह मंत्री का है और केन्द्रीय सरकार में उसकी एक निश्चित प्रक्रिया है। लेकिन पौने दो साल से सर्वोच्च न्यायालय में ये पद खाली रहे। इसका मतलब यह है कि सरकार की इच्छा है कि ऐसे जजों की नियुक्ति की जाए जो प्रधान मंत्री के प्रति व्यक्तिगत रूप से कमिटेड हों, जो कांग्रेस पार्टी के प्रति कमिटेड हों वरना इतने बड़े देश में 9 वकील न मिलेंगे जो कि सर्वोच्च न्यायालय में जा सकें। इसी प्रकार से चार उच्च न्यायालयों में, आन्ध्र प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में स्थानापन्न न्यायाधीश काम कर रहे हैं। इसका कारण क्या है ? इसका मतलब यही है कि यह सरकार चाहती नहीं है कि न्यायालयों में जल्दी न्याय लोगों को मिल सके।

माननीय, हमारी जो नई शिक्षा नीति है, उसकी ओर मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। हमारे देश में निरक्षरों की तादाद बढ़ रही है। एक नेशनल लिटरेसी मिशन है। इनकी मांग यह है कि एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह कहा गया है कि 1951 में हमारे देश में जहां 30 करोड़ निरक्षर की तादाद थी वहां 1981 में तकरीबन 44 करोड़ की हो गयी है और उनका अनुमान है कि सन् 2001 में हमारे देश में 50 करोड़ की संख्या हो जायेगी। उसी अनुमान के अनुसार हमारे देश की आबादी सन् 2001 में 100 करोड़ होने जा रही है। जिस देश की आबादी का आधा हिस्सा यानी 50 प्रतिशत निरक्षर होगा वह देश कैसे प्रगति कर सकता है यह बात समझ में नहीं आ रही है। कैसे इस देश में लोग शिक्षित हों, कैसे लोगों के ज्ञान में वृद्धि हो, कैसे यहां के लोग नागरिक जागरूक हों इस सम्बन्ध में मेरा आरोप है कि सरकार कोई प्रभावकारी कदम नहीं उठा रही है। अगर प्रभावकारी कदम उठाये गये होते या भविष्य में उठाने का इरादा होता तो इस देश की निरक्षरता की संख्या में कमी होती, परसेंट हरगिज नहीं होती, इसमें कमी होनी चाहिए थी। यह सही है कि इस देश में आबादी बढ़ रही है लेकिन जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है उस अनुपात में कहीं ज्यादा निरक्षरता की संख्या, निरक्षरता की सेना बढ़ रही है।

मैं इस बात के लिए भी निवेदन करना चाहूंगा कि जो संसद है इसकी उपेक्षा और इसकी अवमानना बराबर इस देश की सरकार कर रही है। जो बजट की पवित्रता है उस पवित्रता को भी सरकार नष्ट कर रही है, भंग कर रही है। एक मानदंड है कि बजट जिस समय प्रस्तुत होगा उस समय चीजों के दाम बढ़ाये

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

जायेंगे, नये टैक्स लगाये जायेंगे, उस समय चीजों की दरों में वृद्धि की जायेगी अथवा नहीं की जायेगी । लेकिन बजट सत्र शुरू होने के तीन महीने के अंदर पहले सरकार ने कोयले के दाम बढ़ा दिये, पैट्रोल के दाम चढ़ा दिये, खाद्यान्न के दाम बढ़ा दिये, इस्पात के दाम बढ़ा दिये, अखबारी कागज के दाम बढ़ा दिये, एल्युमीनियम के दाम बढ़ा दिये और चलते-चलते जबकि बजट आज प्रस्तुत होने जा रहा है दो-चार दिन पहले ही टेलीफोन की दरों में, टेलीग्राम की दरों में, अन्तर्देशीय पत्रों की दरों में वृद्धि कर दी । इससे 549 करोड़ रुपये की डकती इस देश की जनता पर पड़ गयी । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि लोकतंत्र के प्रति जो आस्था है इस पर सरकार को विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है । (समय की घंटी) मैं दो प्वाइंट और कहना चाहता हूं . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देशाई): लास्ट प्वाइंट कहिये ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: सिर्फ दो चीजों की ओर ही ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। यह सरकार चुनाव से भाग रही है। इसका उदाहरण स्वयं इस देश की राजधानी दिल्ली है । गत वर्ष भी दिल्ली नगर महापालिका के चुनाव नहीं कराये गये । नगर महापालिका का जो कार्यकाल था उसमें वृद्धि की गयी एक अध्यादेश के जरिये । इसी प्रकार दिल्ली में जो महा-नगर परिषद् है उसके कार्यकाल में भी वृद्धि की गयी । फिर इस वर्ष भी उसी अध्यादेश कि जरिये दिल्ली नगर महा-पालिका और महानगर परिषद् का कार्य काल बढ़ा दिया गया । इसका मतलब यह है कि सरकार नहीं चाहती है कि इस जनता को मौका मिले कि वह अपने वोट देने के अधिकार को प्राप्त कर सके। इसी प्रकार से बहुत से उपचुनाव भी बाकी हैं लोकसभा के । करीब 12 चुनाव लोक सभा के बाकी हैं । एक इलाहाबाद की सीट खाली है , हरियाणा की दो सीटें खाली हैं, राजस्थान की सीट खाली है, बिहार की सीट खाली हो गयी है। मेरा निवेदन यह है कि सरकार को इस सिल-सिले में स्पष्ट रूप से घोषणा करनी चाहिए कि कब तक लोकसभा के उपचुनाव कराय जायेंगे, दिल्ली नगर महापालिका और दिल्ली महानगर परिषद् के चुनाव कब तक कराये जायेंगे । इस लोकतंत्र में जनता को अपनी राय देने से वंचित करना अलोकतांत्रिक है । इस संबंध में निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार को इस संबंध में स्पष्ट रूप से घोषणा करनी चाहिए । इन शब्दों के साथ जो राष्ट्र-पति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव है उसका विरोध करता हूं ।

3. 00 P. M.

SHRI RAMESHWAR THAKUR (Bihar); Mr. Vice-Chairman, I rise to support wholeheartedly the Motion of Thanks on the President's Address moved by a senior Parliamentarian Shri A. G. Kulkarni.

Sir, our esteemed President Shri R. Venkataraman, in his first historic and excellent Address in 61 paragraphs has dealt with many significant aspects of our national life and international relations It is our national duty to examine the Address in its proper perspective and deal with it, view it, with objectivity, dignity and the spirit in which the President has addressed the Members of both the Houses.

Sir, the Presidents Address starts with conviction and courage. It underscores the vision of India which is a land where unity and integrity are invulnerable to external threats and internal weaknesses. The President's Address draws attention to the ideals of democracy, secularism, socialism non-alignment, social justice, science and technology, economic development, modernisation, industrialisation, religious and cultural heritage international understanding and co-operation. The President's Address also refers to the significant achievements made by the people and the Government of India in various fields, over the years particularly, the achievements made during the current year.

Sir a number of hon. Members on other side have been pleased to move over 200 amendments to the President's Address. A senior Member, Shri Samar Mukherjee, Leader of the Opposition, while he was speaking, vehemently criti cised the Government for its utter failure on all fronts not only during the cur rent year but the entire period of more than 40 years since Independence, Sir, in a democracy, it is the privilege of the Opposition to criticise the Government for its shortcomings and failures. How ever, in doing so, should we ignore completely the actual realities? Should we deliberately undermine the sincere efforts made by the millions of out people, fanners, workers, scientists, technologists, professional and people from all sections of the community and their achievements in different walks of life? Should we be ungrateful to the people and their sense of adventure, pride in their work, hard work, enter prise and the gains obtained fully sup. ported, organised and assisted by the Government? One can appreciate that when we use red glasses, we find every thing red around us Same must be the case when we use other coloured glasses. It is a matter of concern for the demo cratic values that we, in our undue anxiety, criticise the other side and lose all sense of proportion and objectivity, there by our credibility in the public eye goes down. It is nobody's case that the Govern ment have solved all the problems and that there are no hurdles within and be yond the control of the Government. But, Sir, we are all enlightened citizens Therefore, it is unfortunate that senioi leaders like Shri Samar Mukherjee have chosen to allege that nothing has been done, nothing has been achieved during the last forty years. It is expected that senior leaders will be more objective, realistic and speak at a level where criti cism is not for the sake of criticism alone but should carry a constructive mes sage for improvement and development. It has been alleged by Samar Babu and some other leaders like Mr. N, E. Bahram, that our Five Year Plans have failed, that the performance during the First to the Sixth Five Year Plan and during the Seventh Plan—this Mid-term appraisal is over—has been completely poor and has not benefited the people and that they are capitalist Plans. But 1 would like to say, if we take the actual performance, facts and figures, there have been substantial achievements from First to Sixth Plan and also during the current Seventh Plan, I would like to give examples of one or two areas only. For instance in the case of foodgrains we have been able to achieve production of 150 million tonnes. Similarly, during the Seventh Plan period, although there is some reduction during the current year, 7 to 10 per cent, we are still hopeful of achieving 175 million tonnes target. This achievement has been there in spite of the fact that our population has doubled during this period of the Sixth and Seventh Five Year Plans. We are also aware that just before independence we had great Bengal famine where lakhs of people had starvation deaths in the very city of Calcutta. That was the situation from where we started and today we are not only in a position to meet our requirements but we are in a position to modestly export our foodgrains and also have comfortable stucks for our purposes, for the unforeseen contingency as we had in the current year. Apart from foodgrains the production in other areas has also gone up. Fertiliser production has increased from 55 lakh tonnes to 85 lakh tonnes. Distribution of seed has increased from 25 lakh quintals in 1970-71 to 55 lakh quintals in 1985-86. In the last year and in the current year *it* has further gone up. Similarly, we find in the last 15 years coal production has gone up front 76 million tonnes to 162 million tonnes and this year it will increase further. Same is the case of aluminium production and production of other goods, electricity generation, etc. I would not like to take time of the House in giving data which is well given in the 'Economic Survey'.

The current year's performance for nine months as has been highlighted, has been increased in almost all sectors excepting the food sector. As I have already mentioned there has been an expected decrease of 7 to 10 per cent. Excepting that there has been all round

[Shri Rameshwar Thakur]

progress in spite cf the fact that we had a very service drought in almost two-third part of the country. The power generation is likely to be 10. 2 per cent more. The plant load factor between April to December 1987 has averaged 55 per cent which was about 52 per cent during the corresponding period of the last year. The growth rate in other sectors has been quite explosive. Imports have gone up by 24. 7 per cent during the 9 months of the current year.

Our imports have been steady at 13. 5 per cent and the trade deficit during the current year is expected to be minimised to that extent. The 20-Point Programme launched by the late Prime Minister Shrimati Indira Gandhi, and being vigorously pursued by the present Government under the leadership of Prime Minister Rajiv Gandhi accounts for about 30 per cent of the total component of our Plan. IRDP, NREP, RLEGP are the major components for removal of rural poverty. During the last 7 years, IRDP has assisted about 23. 4 million peop!c among the weaker sections and other backward groups. During the period April 1987 to January 1988, NREP and RLEGP generated about 471 million mandays of employment. Similar achievements have been made in the other fields —of education, health, science and technology and other areas.

It will be essential for us in the planning process to take into consideration certain factors like mensoon and other diff'culties. It has *to* be realised that among all the developing countries, the planning prcess in India has been the most successful during the last six Five Year Plans and in the current Seventh Five Year Plan. If there are difficulties of slow growth, these are nothing peculiar to this country as similar difficulties are being faced by many advanced countries also Particularly for the benefit of our great leader, Samar Babu who was good enough to criticise that nothing has been done in the Plan, I would like to quote two or three sentences from the speech of the General Secretary of the CPSU, Gorbachev, which he made on the 18th of this month to the Central Committee which is very revealing so far as Plan is concerned. It says:

"If we look at the economic indicators of growth separately from these factors, we will see that during four Five Year Plan periods we had on increase in the absolute growth of national income. It began declining in the early '80s. This is the real picture, Comrades".

It further says.

"Over *the* past three years, public-revenues declined any more than 37, 000 million roubies as a result of the reduced sale of alcohal beverages. On top of that, reveve from the sale of importer[1] products, whose purchase we were forced to limit because of shortage of foreign. uriency, declined by 9, 000 million roubles in 1987 as compared with 1985. "

Then it concludes:

"The existing situation demands from us immense, I would say, extraordinary efforts in two directions simultaneously —in implementing redical economic reforms and in improving the curreru economic situation and meeting the vital needs of cur population".

So this kind of problem in the economic growth and development is peculiar to all the countries—even to the very advanced countries which arc very friendly to us and which we admire. So they have also these problems and a realistic picture has been given here in this speech delivered on the 18th of this month.

Then there are other areas to which Samar Babu drew our attention. He mentioned about closure of units, particularly in the juts and sugar industry. Sickness in industry has been a feature of growth of economy and chance in technology. Change of technology is a very important factor. Many of our jute mills as also the sugar mills were established more than 50 years back. Naturally, there have been factors apart from the fact that there have been management failures, lack of finance and sickness has crept into these industries, including the textile industry,

The Government has taken a number of steps to remove them and to revive many of the industrial undertakings. Some *at* them are doing extremely well, and the NTPC is doing well. It has taken over the burden of over 100 mills which were actually failures under the private management. Many of them have been modernised. They will take time to modernise many more of them and to make them more profitable. That is essential for the Government to do. I urge very much upon the concerned hon. Ministers to look after textiles, jute and sugar to ensure that viable mills are revived as early as possible. Wherever technical changes, modernisation is necessary, that should be brought in, and we should improve the conditions of these mills as early as possible.

But, to blame the Central Government alone is not a proper answer to the situation. It is a national problem. We should see it in the national perspective. Particularly the jute mills are mosty in the State of West Bengal, we are aware. The West Bengal, Government is equally responsible for their survival. What problems we have in the State are well known, including the trade union activities and other activities which are. affecting these mills and their profitable working. Therefore, we should not blame a particular action in a particular way or in a particular motivated way. That does not solve the problem.

Next one is the price index and inflation. The hon. Member also quoted the price index. We are all aware that inspite of all difficulties including the difficulties of the price rise which is not only a national but an international phenomenon. India has been able to contain the price situation in a remarkable way. Inspite of so much of pressures on it, particularly in the index of the consumer price and that of the wholesale price, as you know, even during the current year it has been possible to do that. With all the drought and the additional money that had to be soent by the Government, we have been able to contain it and to bring it to the level of about 9. 8 per cent which is expected to be the latest figure, whereas in the year 1979-80 it had gone up to 21 per cent. In between there have been occasions when it went up, but during the last few years we find that inspite of all the pressures it has been possible to contain it at that level, i would urge very much the Government in this regard that more attention has to be given during the coming months and in the next financial year so that the price is contained because the consumer price particularly affects the common people at large.

Mention has also been made about the railway freight and the postal charges. We quite appreciate it because there has been a substantial increase in the levies. But one thing has to be seen objectively and from an economic angle that these services are not to be only maintained we should make substantial innovation, renovation and maintain them at a proper level of efficiency and render efficient services to the people particularly in the field of communication. Also to lay new railway lines it is essential that we should be able to spent more money on the capital expenditure and modernise the existing system. Hence the additional taxes.

Then also comes the question of the increase in the pay scales of the employees who are engaged in the task, who naturally deserved the reasonable increase which has been given. On that account, if we carry on the deficit, it will not do. It will have to be brone by the community at large who gets the services. The only thing is that in levying the charges we have to see that the poorer sections of the people are not very much affected. For instance, the money order charges, we should not have increased. Small people send money orders, and not rich people who send money through bank drafts, cheques and so on. Therefore, it is necessary to see that within the limits how tar we can make reductions. That should be done. It is very surprising a suggestion has been made that ours is a capitalist plan. Planning in India derives its genesis from the appointment of the National Planning Committee which was appointed in 1938 by the All India Congress Committee under the Presidentship of Shri Subhash Chandra Bose. The Na-

[Shri Rameshwar Thakur]

tional Planning Committee was headed by Pandit Jawaharlal Nehru. That Committee examined all the aspects of planning and gave very vital suggestions. It produced different studies and strategies concerning the economic development of the nation. It had laid down that the State should own and control all the basic industries, services mineral resources, railways waterways, shipping and other public utility services and in fact all those large-scale industries which are likely to become monopolistic in character. It was not that we had said so, but our eminent, leaders like Pandit Nehru, who was father of Indian Planning and who himself j was its Chairman had given it to us. Yes, we had two plans—one was Bombay Plan which was produced in the year 1944-45 by the industrialists of Bombay and another plan was prepared by Mr. M. N. Roy at the same time. It was said to be people's plan.

After independence, the nation has ta ken cognisance of all the aspectse of our, economy, particularly the genesis of the 1938 Planning Cornmittee, As a result we have a plan which is supposed to be one of the best plans where we had ac cepted the Socialist Pattern of Society as goal and the public sector undertakings having commanding role in it. At the be ginning of Planning we had only 29 pub lic sector undertakings and today we have increased the number to more than 200 units. All the key sectors and core industrial units are within the public-sector. The Prime Minister has given a new direction that this not only should have a commanding position in terms of investment^ but also in terms of produc tivity, efficiency and profitability. That is where it is a big challenge to all of us and to those also who are engaged in the great task of working in public sec tor undertakings. They have a respon sibility to ensure that the public sector undertakings are made the pride of the nation by bringing about these further goals of productivity, efficiency and pro fitability.

I would like to refer to one more aspect which has been commented upon by Samar Babu. It is about socialism. They say we have no socialism as OUT goal. We have left Socialism. I would like to say that this is a matter which had been agreed upon by the Congress before In-denpendence. It was accepted in a formal way iu 1955 at the Avadi Congress and later on was confirmed again at the Amritsar congress and also at the Bhu-baneswar Congress in 1964, Since then it is a part of the constitution it is a part of the creed of the party and the planning process. This had been adopt-ed in the Second Plan as part of the planning process. Therefore, to say that we have given it up is not fair. Actually apart from the earlier commitments of the previous Prime Ministers—Pandit Nehru and Mrs. Gandhi—our present Prime Minister in his last year's Budget speech had said;

> "I am committed to planning for socialism in India, which fits in with our genius, but nevertheless socialism in its basic meanng of removing disparities and providing equality of opportunity. This is the yardstick by which I want to judge all policies and programmes. "

A mention was made about the point whether socialism means that we should have association with advanced countries in matters of technology and training. Samar Babu was good enough to mention about the achievements of China in the-field of socialism and so on Now I would like to quote one thing. So far as China's experience is concerned, in the field of socialism it has done extremely well, but conditions here in India are different because we have a democratic set-up. Nevertheless when we have any collaboration with Western countries, it is criticised. But I may inform the Members that the Chinese Government has invited Harvard School to open Management Training Institutions in China. They have already opened one in Peking and two more are in the proces of opening elsewhere in China. So, simply criticising the Government for modernisation is not fair. Modernisation and training from wherever we get best in the world we should have it. There should be no strings attached *to* these programmes.

We must have our independent way of socialism and policy frame and on that basis we should do.

Before I conclude, I want to say one more thing. The Leader of the Opposition started his speech and ended his speech by saying that the present Government must resign, I am not accustomed to talk in those terms. This is not a fair way of criticising the President's Address from senior leaders. There are other friends who can speak and we have been hearing them and accustomed to hear. But a senior-most person and a man of high political stature to talk like this is a very unfair, unrealistic and undesirable. The people have given their massive mandate—the recent mandate given in Tripura has re-emphasised it and, therefore, to talk like this is not fair. We should certainly criticise the Government for its failures and also offer constructive suggestions. But to ask the elected Government to resign or to give a solgan like "Bharat Bachao" is not fair. It is not befitting on the part of such a senior Member to say it in public life. It undermines the people's efforts to reach the goal of success in various directions. Therefore my humble suggestion is that senior Members must refrain from criticising in those terms and create a healthy democratic atmosphere.

With these words, I once againsup port the Motion of Thanks on thePre sident's Address moved by myhon. friend, Shri A. G. Kulkarni..

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, भारत के सम्मुख कुछ गंभीर चुनौतियों, जिनकी ओर राष्ट्रपति जी ने अपने संबोधन में अधिक ध्यान नहीं दिया है, आपके माध्यम से भारत सरकार के सम्मुख पेश करना चाहता हूं। भारत संसार का महानतम गरीब देश है। आजादी के इन 40 वर्षों में गांवों में और शहरों में रहने वाले लोगों की खेती और गैर कृषि पेशा लोगों की आय में निरन्तर अन्तर बढ़ता चला जा रहा है। समाजवादी व्यवस्था की स्थापना की घोषणा के पश्चात गरीब और अमीर की आय में अन्तर बढ़ता चला जाए यह सरकार के सम्मुख एक चुनौती है। देश में कृषि उत्पादन में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है किन्तु जनसंख्या में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अगर कृषि उत्पादन में 1.9 प्रतिशत और जनसंख्या में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि होगी तो किस प्रकार यह देश और कितने दिनों तक खाद्यान्न में आत्म निर्भर रह सकता है और अपना आर्थिक विकास कर सकता है। प्रथम योजना और द्वितीय योजना के वर्षों में इस देश में जनसंख्या में 1.9 प्रतिशत के हिसाब से वृद्धि हुई है। 1961 और 1971 के दस वर्षों 2.2 प्रतिशत से वृद्धि हुई और 1971 और 1981 में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और जबकि 53 अरब रुपया परिवार कल्याण योजनाओं पर भारत सरकार खर्च कर रही है। लेकिन उसका समुचित लाभ देश को ही नहीं प्राप्त हो रहा है और विशेषकर के ग्रामीण अंचल तो सर्वथा अप्रभावित हैं। ग्रामीण अंचल में परिवार कल्याण योजनाओं का कोई भी प्रभाव नहीं है। मान्यवर, इसका क्या कारण है? मेरी दृष्टि में इसका कारण नाबालिग बच्चों की शादियां है, "अवयस्क" जिन्हें कहते हैं। मान्यवर, राजस्थान में एक दिन में 40 हजार बच्चे और बच्चियों की शादी कर दी जाती है, जिनकी आयु 5 से 7 वर्ष होती है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 90 प्रतिशत शादियां अवयस्क बालकों और बालिकाओं की, नाबालिग बच्चों और बच्चियों की होती है और बहुत शीघ्र अवयस्क अवस्था में ही उनके बच्चे पैदा होना शुरू होते हैं। इससे न माताओं का विकास होता है और न ही बच्चे स्वस्थ्य होते है और इसका नतीजा होता है कि बच्चों को जल्दी, थोड़ी उमर में ही मृत्यु हो जाती है। सरकार ने 18 और 21 वर्ष की आयु 18 वर्ष लड़कियों के लिए और 21 वर्ष लड़कों के लिए कानून में निर्धारित की हैं, लेकिन वह सिर्फ कागज पर ही है। फिर यह कानून बनाया किस के लिए है, अगर 40 हजार बच्चों और बच्चियों की शादी एक दिन में हो जाती है 5 और 7 वर्ष की आयु में? यह कानून क्यों बना अगर इतनी संख्या में मध्य प्रदेश उत्तरप्रदेश, और राजस्थान में अवयस्क लड़के लड़कियों की, नाबालिग बच्चों और बच्चियों की शादियां हो जाती हैं। इसलिए मैं विनम्र निवेदन करूंगा आपके माध्यम से भारत सरकार से कि जो कानून

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

बनाया है, उसका बहुत ही कड़ाई के साथ पालन किया जाना चाहिए ।

महोदय, आजकल कोई समाचार पत्र ऐसा नहीं, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध अपराध न बढ रहे हों, चाहे वह बलात्कार के अपराध हों, अभी कल परसों पड़रिया गांव में पुलिस और कुछ ठेकेदारों ने गोलियां चलाई, जिससे गांव के आदमी डर कर भाग गए, महिलाएं अंदर रह गई, दिल खोलकर निडर होकर, उनके साथ बलात्कार किया और लूट भी की । कौन बर्दाश्त करेगा इस बात को ? दहेज में कितनी महिलाओं की प्रतिदिन बलि चढ़ती है ? विधवाओं का क्या हाल है । मान्यवर, हमारी बहुत है संस्कृति है, इस देश की महिलाओं के साथ ज्यादती प्रारम्भ से हुई । सरकार का इरादा है उनके साथ ज्यादती न हो, सती-प्रथा को रोकने के लिए कानून बना अभी । मैं पुनः बलपूर्वक यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो महिलाओं के साथ प्रतिदिन अपराध बढ रहें हैं, उन्हें कड़ाई से रोकने की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

मान्यवर, मादक द्रव्य, शराब को ही लीजिए । महात्मा गांधी जी ने खुद विरोध किया शराब के खिलाफ, लेकिन आज प्रदेश सरकारें शराब से आय बढ़ाने के लिए निरन्तर दुकानों पर दुकानें खोलती चली जा रही है । सब जानते है कि शराब इंसान के चरित्र का ह्रास करती है, उसके स्वास्थ्य को खराब करती है । जब इंसान का स्वास्थ्य और चरित्र ही नहीं होगा तो खाली पैसे से कौन से देश का निर्माण होगा । इसलिए शराब और मादक द्रव्यों का सेवन जो हमारे विद्यार्थियों में बढ़ता चला जा रहा है इसे एक चुनौती समझ कर सरकार को कड़ाई के साथ रोकना चाहिए । . . .
(व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : हरियाणा में भी तो दुकानें खोल रहें हैं, हरियाणा में तो बंद करिए ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : फिर मान्यवर, देश में शिक्षा संस्थाएं बढ़ी और शिक्षा का प्रचार हुआ, लेकिन आजादी के इन चालीस वर्षों में अब तक 38 फीसदी भी जनता लिटरेट नही हो सकी, पढ़ लिख नहीं सकी और मान्यवर जो लोग कुछ पढ़े भी हैं, वे बेकार घूम रहे है आज 3 करोड़ 10 लाख आदमी रोजगार के दफतरों में अपना नाम दर्ज कराए हैं और वे बेकार हैं । बेकारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही हैं । सरकार रोजगार देने की जितनी योजना बनाती है उससे कहीं अधिक बेकार हो जाते है । इसमें मुझे एक शिकायत है, हिन्दुस्तान गांवों का देश है । यहां 80 फीसदी आदमी गांवों में रहते है । बीस फीसदी लोगों को चली जाती है और 80 फीसदी लोग वंचित रह जाते हैं । यह अन्याय दूर होना चाहिए ।

मान्यवर, राष्ट्रपति महोदय का सारा अभिभाषण मैंने पढ़ा कि कहीं भ्रष्टाचार की चर्चा की होगी । यह ऐसा हुआ कि उन्हें पता ही न हो कि देश में कहीं भ्रष्टाचार है । मैंने अपने जीवन में इस देश का और अपना नंबर एक का शत्रु भ्रष्टाचार माना है । यह भ्रष्टाचार दिन प्रतिदिन बढ़ता चला जाता है । लेकिन इस की ओर सरकार का ध्यान नहीं है और इसी कारण राष्ट्रपति जी ने भी अपने संबंधन में इसकी कोई चर्चा नहीं की है । मान्यवर, अंग्रेजों के जमाने में भी भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे, को चल रहा है । मैं पूछता हूं कि कौन रोकेगा भ्रष्टाचार को ? इसी प्रकार प्रशासन में ढिलाई बढ़ती चली जा रही है । आज सही काम भी बगैर पैसों के नहीं हो पाता । रिश्वत या सिफारिश चाहिए तब सही काम होंगे । आज विकास के कार्यों में भी कितना रुपया लगता है वहां भी ठेकेदार और इंजीनियर सब खाते हैं । यहां दिल्ली में डी० डी० ए० ने जो मकानात बनाए हैं—तीन-तीन, चार चार मंजिले, उनकी नींव नहीं रखी है । इसी प्रकार से सब जगह धन का दुरुपयोग होता है ।

मान्यवर, यही हाल मिलावट का है । संसार में आज किसी भी देश में इतनी मिलावट नहीं है जितनी यहां है । चाहे आदमी के खाद्य पदार्थ हों, चाहे दवाई हो, चाहे कीटनाशक हो—हर चीज में मिलावट-ही-मिलावट है । सरकार

का इस विषय की ओर ध्यान नहीं है। निश्चित रूप से इस तरफ ध्यान जाना चाहिए। आज जो आदमियों का स्वास्थ्य गिर रहा है और जो हार्ट अटैक्स तथा दूसरी बीमारियां होती हैं, खाद्य पदार्थों में मिलावट के कारण वह होती हैं।

मान्यवर, आज देश में अराजकता का क्या हाल है। किसी भी आदमी की जान और माल की सुरक्षा नहीं है। चाहे रेल में लूट लें, रास्ते में लूट लें, बसों में लूट लें, जहां-चाहें कत्ल कर दें। यह हालत है। जी० एन० एल० एफ०, त्रिपुरा और पंजाब की आज जो स्थिति है, वह बहुत ही दुखदायी है। उनकी चर्चा मैं दुबारा जब समय मिलेगा तब करूंगा। लेकिन मैं आज यह कहना चाहता हूं कि देश में शांति और व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है। अराजकता में बढ़ोतरी हुई है। महात्मा गांधी जिनकी बदौलत यह देश आजाद हुआ, उन्होंने देश की एकता के लिए अपने प्राण दिए। इतनी बड़ी कुर्बानी के बाद भी आज इस देश में रूढ़िवादिता, फंडामेंटलिज्म बढ़ता चला जा रहा है। हिंदू और मुसलमान, हिंदू और सिख के बीच में नफरत है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य है। देश की एकता और अखंडता के लिए यह एक चुनौती है और इस तरफ ध्यान दिया ही जाना चाहिए।

मान्यवर, आज देश में मंहगाई किस कदर बढी है। सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों को मंहगाई भत्ते मिल जाते हैं और किसी हद तक आपने उनकी समस्या को हल कर दिया। लेकिन सरकारी अधिकारी-कर्मचारी तो केवल दो-तीन प्रतिशत हैं। आज की कमर तोड़ मंहगाई का पूरे देश की जनता पर कुप्रभाव पड़ रहा है। उनकी आर्थिक स्थिति खराब होती चली जा रही है। इसलिए मंहगाई को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यहां आंकड़े दिए जाते हैं कि पिछले साल इतनी थी और इस साल इतनी हैं, मुद्रास्फीति पिछले साल इतनी थी और इस साल इतनी है। यह मंहगाई बिना रुके बढ़ती चली जा रही है जिसने जन-जीवन को झकझोर दिया है। प्रति वर्ष राष्ट्रपति जी कहते हैं कि न्याय सस्ता और सुलभ मिलना चाहिए। मैं इस में एक शब्द और जोड़ना चाहता हूं कि न्याय शीघ्र मिलना चाहिए। कितने केसेज पेंडिंग पड़े हैं। कितने केसेज सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट्स में पेंडिंग पड़े हैं पिछले दस और पंद्रह वर्ष से। तो और लोगों का न्याय शीघ्र नहीं मिलेगा तो 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड' वाली बात हो जायेगी। लोगों का किस प्रकार से भला हो सकेगा आप देखें कि न्याय कितना मंहगा हो गया है। जितना न्याय देने में विलम्ब होगा उतना ही न्याय मंहगा होता जायेगा और लोगों को उचित न्याय नहीं मिल सकेगा। और मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि— और आप को भी अनुभव होगा कि न्याय अब तो बिकने भी लगा है। क्या यह रोका जा सकता है ? क्या पेंडिंग केसेज की, विचाराधीन कैसेज के शीघ्र निस्तारण की व्यवस्था की जा सकती है ? क्या जो न्यायाधीशों की जगहें खाली हैं उन को शीघ्र भरा जा सकता है ?

इस देश में काला धन और तस्करी बहुत तेजी से बढ़ रही है। हम विदेशों से कर्ज लेते हैं हिन्दुस्तान के ऊपर 31,919 करोड़ रुपया तो विदेशों का ऋण है और हिन्दुस्तान का अंदरूनी कर्ज 1,43,745 करोड़ रुपये का है। इस पर कितना ज्यादा सूद देना पड़ता है। हम कर्ज लेते हैं अपने देश के विकास के लिये और हिन्दुस्तान के पूंजीपति हिन्दुस्तान के धनाढ्य व्यक्ति, यहां के अमीर आदमी अपनी दौलत को विदेशों के बैंकों में जमा करते हैं। मैं आप के माध्यम से यह सुझाव केन्द्रीय सरकार को देना चाहता हूं कि जिन लोगों का धन विदेशों में जमा है उस के लिये कानून बनाया जाय कि उस धन को जब्त कर लिया जायेगा और उस धन को जब्त कर के इस देश के विकास के कार्यों में लगाया जायेगा।

इस देश में सार्वजनिक उपक्रम 214 हैं और हमारे प्रधान मंत्री जी ने चिन्ता व्यक्त की है कि उन उपक्रमों से हमारे देश की योजनाओं के लिये धन आना चाहिए। लेकिन मुझे दुख

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

